नईदुनिया



# महापौर ने भोपाल ब्रांड स्टोरी व ब्रांड बुक लॉन्चिंग कार्यक्रम का किया शुभारंभ



भोपाल (काप्र)।

महापौर मालती राय भोपाल ब्रांड स्टोरी व भोपाल ब्रांड बुक लॉन्चिंग कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यगण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। श्रीमती राय बुधवार को होटल सफल रिट्रीट के सभाकक्ष में आयोजित भोपाल ब्रांड स्टोरी व भोपाल ब्रांड बुक लांन्चिंग के कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ एवं भोपाल ब्रांड एंडोसर्स अवार्ड-2024 का पुरस्कार वितरण भी किया। महापौर ने इस आयोजन हेतु समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

## निगम अध्यक्ष ने सांस्कृतिक मंच के निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**भोपाल ( काप्र )।** निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बुधवार को वार्ड क्र. 28 के अंतर्गत अंबेडकर नगर में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। अंबेडकर नगर के रहवासियों द्वारा काफी समय से सांस्कृतिक मंच निर्माण की मांग की जा रही थी। उक्त मंच का निर्माण लगभग 07 लाख रूपये की लागत से किया जायेगा। भूमिपूजन के अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती कौशल्या रजक, दिनेश भारती, मुकेश देहाडे, श्रीमती रमा शर्मा, दिनेश डोंगरे, श्रीमती साधना तिवारी, श्रीमती साधना मिश्रा, अनंत मिश्रा, सोनू त्रिपाठी, मुन्ना खटीक संजू साहूकारे, श्रीमती अर्चना विश्वकर्मा, श्रीमती प्रतिमा पटेरिया एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# बूथ प्रभारी घूसर, गनवानी और झमनानी सम्मानित



भोपाल (हिनप्र)।

भाजपा हुजूर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सांसद आलोक शर्मा को हुजूर विधानसभा क्षेत्र से प्रचंड जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया।

सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, मंडल अध्यक्ष योगेश वासवानी की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

कर्यक्रम में प्रत्येक मंडल से एक बूथ पर सर्वाधिक मतों जीत दिलाने वाले कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर सम्मानित किया गया। वार्ड एक से के 22 नंबर बूथ पर पूरे मंडल में सर्वाधिक मतों से विजय दिलाए जाने पर बूथ प्रभारी मनोज घूसर, वीरभान झामनानी एवं डॉ महेश गनवानी को सम्मानित किया। घुसर को सम्मानित किए जाने पर गांधीनगर के मंडल अध्यक्ष योगेश वासवानी, खूबचंद भागचंदानी, तुलसीराम बडगो, रमेश हिंगोरानी, देवेंद्र योगी, मालाराम, नफीस सलमानी, विनोद बबलू कुशवाहा, नवल कुशवाहा, हरीश कुमार सबलानी, कमल लालवानी, कुणाल गोस्वामी व अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# देवशयनी एकादशी पर तुलसी के पौधों का किया वितरण

भोपाल (हिनप्र)।

बजरंग सेना समिति द्वारा देवशयनी एकादशी पर संतनगर के विभिन्न क्षेत्रों में तुलसी के पौधा का वितरण किया गया। समिति के राजकुमार गर्ग ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर पौधा घर में लगाने से विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं।

समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि तुलसी के पौधों का वितरण सितंबर के अंतिम दिनों तक चलेगा, जिसको भी तुलसी के पौधा चाहिए वो सपर्क नंबर 7000587600, 9893134754, 7470822287, 9425013367 से मंगवा सकता है। तुलसी के पौधों का वितरण केवल संतनगर में किया जाएगा। समिति ने पार्षद अशोक मारण, भाजपा नेता महेश खटवानी व अन्य लोगों को जाकर तुलसी का पौधा रोपकर उसकी देखभाल का संकल्प दिलाया।



## सेवासदन को सुरेश के नेत्रों का किया दान

**भोपाल ( हिनप्र )।** संतनगर निवासी सुरेश शिवनानी (41वर्ष) का निधन बुधवार 17 जुलाई 2024 को हो गया। दिवंगत प्राणी के भाई जीतू शिवनानी ने अपने भाई की आंखें सेवासदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दी हैं। दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे।



सेवासदन अस्पताल ने अभी तक 2127 दृष्टिबाधित लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवारजन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

# नए अपराधिक कानून और पॉश एक्ट पर कार्यशाला आयोजित



भोपाल (काप्र)।

मप्र पुलिस एवं संगिनी द्वारा संयुक्त रूप से नवीन आपराधिक कानून पर भोपाल की सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया गया।

सदर्भ व्यक्ति के रुप में जेंडर एवं कानून के क्षेत्र में कार्यरत मास्टर ट्रेनर शिखा छिब्बर ने नए कानून और पाश एक्ट पर व्याख्यान दिया। एसीपी महिला सुरक्षा निधि सक्सेना ने कार्यक्रम के प्रथम सत्र का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में डीआईजी विनीत कपूर का उद्बोधन प्रमुख रुप से हुआ, जिसमे उन्होंने नवीन कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में सिविल सोसाइटी की भूमिका पर चर्चा की। कार्यशाला में प्रमुख मार्गदर्शन विनीत कपूर का रहा। इसमें संस्थाओं से 53 प्रतिभागी शामिल हुए।

## महिला कांग्रेस की बैठक में अशोभनीय व अनुशासनहीनता पर मधु शर्मा को नोटिस

**भोपाल ( काप्र )।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने आज जारी एक बयान में बताया कि विगत दिवस मंगलवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा के मुख्य आतिथ्य में महिलाओं की समस्याओं, भविष्य में होने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों एवं अन्य संगठनात्मक मुद्दों को लेकर महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्य समिति और जिला अध्यक्षों की आवश्यक बैठक बुलाई गई थी। श्रीमती मधु शर्मा बगैर आमंत्रण के बैठक में शामिल हुई थी। श्रीमती लांबा जब बैठक को संबोधित कर रहीं थीं तब श्रीमती मधु शर्मा द्वारा उनके संबोधन के दौरान बार बार व्यवधान डाला जा रहा था, जिससे बैठक में शामिल महिला कांग्रेस की नेत्रियों को भी परेशानी हुई, बैठक में शामिल अन्य महिलाओं द्वारा श्रीमती मधु शर्मा को शांत रहने को कहा गया तो वे और ज्यादा बिफर गई एवं तेज-तेज चिल्लाने लगी। श्रीमती मधु शर्मा द्वारा किया गया यह कृत्य अशोभनीय, अमर्यादित आचरण और अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, अशोभनीय और अनुशासनहीनता का आचरण करने के कारण महिला कांग्रेस द्वारा श्रीमती मधु शर्मा के विरूद्व कार्यवाही करने का नोटिस दिया गया है।

# कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर कार्यक्रम करें: पारवानी




भोपाल (हिनप्र)।

कर्नल नारायण पारवानी ने एक बयान में कहा है कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती है। भारत सरकार ने कारगिल के शहीदों को श्रध्दांजलि देने तथा युद्ध में विजय की रजत जयंती को महोत्सव के रूप मे मनाने का आह्वान किया है। इसके लिए भारत सरकार ने लोगो जारी किया है।

पारवानी ने कहा कि सरकारी सौजन्य से तो देशभर में इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेरा सभी सामाजिक/सांस्कृतिक और विशेषकर शैक्षणिक संस्थाओ से निवेदन है, वे अपने स्तर पर, कारगिल के शहीदो को याद करने हेतु तथा गौरवान्वित करने वाले कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती मनाए। 26 जुलाई या उसके आसपास के किसी भी दिन छोटे या बड़े कार्यक्रम का आयोजन करें। कार्यक्रम के बैनर में भारत सरकार द्वारा जारी किए गए कारगिल विजय रजत जयंती महोत्सव लोगो को जगह दे।

कारगिल युद्ध का वर्णन हमारी नई पीढ़ी में उत्साहवर्धन तथा अपने देश के लिए मर मिटने की भावना भरने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। हमारी नई पीढ़ी को भारतीय इतिहास के कारगिल विजय जैसे गौरवान्वित करने वाले अध्याय की जानकारी देना देशहित मे आवश्यक है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर कार्य योजना हुई तैयार

# श्रद्धालुओं के लिए क्षिप्रा के घाट बनेंगे सुविधायुक्त, निरंतर बना रहेगा जलप्रवाह

भोपाल (काप्र)।

**सिंहस्थ-2028 में क्षिप्रा नदी में जल-प्रवाह को निरंतर बनायें रखने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें बैराजों का निर्माण किया जायेगा।**

कान्ह नदी के व्यपवर्तन से प्रदूषण को रोका जा सकेगा। क्षिप्रा नदी पर श्रद्धालुओं की स्नान सुविधा के लिये सुविधाजनक घाटों का निर्माण होगा। घाटों के निर्माण में लगने वाले पत्थर और अन्य सामग्री का चयन विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं को व्यापक अध्ययन और शोध के बाद कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। क्षिप्रा के जल को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कान्ह नदी के व्यपवर्तन, कान्ह नदी पर 11 बैराजों और क्षिप्रा नदी पर 18 बैराजों का निर्माण इंदौर, उज्जैन और देवास जिले में प्रस्तावित है। इससे सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह बना रहेगा। क्षिप्रा नदी पर स्नान के बेहतर प्रबंध किये जा सकेंगे। कार्य योजना में क्षिप्रा नदी में सेवरखेड़ी बैराज से मानसून के समय जल का उद्वहन करते हुए 51 मि.घ.मी. जल, पूर्व निर्मित सिलाखेड़ी जलाशय के विस्तारीकरण से भरे जाने की व्यवस्था की जाएगी, जिससे मानसून के अलावा अन्य मौसमों में भी क्षिप्रा नदी में जल निरंतर प्रवाहित होता रहेगा। श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आचमन और स्नान इत्यादि में किसी भी प्रकार की असुविधा नही होगी।

डॉ. यादव ने निर्माण एजेंसियों को हिदायत दी है कि कार्य योजना के सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक किये जाए। ध्यान रखा जाए कि क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित संरचनाओं, प्रस्तावित बैराजों के निर्माण तथा आवश्यक घाटों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को कोई असुविधा न हो। प्रस्तावित कार्य योजना के अनुसार उज्जैन में शनि मंदिर से वी.आई.पी. घाट तक 1500 मीटर, वी.आई.पी. घाट से जीवनखेड़ी ब्रिज तक 7175 मीटर, जीवनखेड़ी ब्रिज से वाकणकर ब्रिज तक 3810, वाकणकर ब्रिज से गऊघाट स्टॉपडेम तक 2938 मीटर, चक्रतीर्थ से ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज तक 1590 मीटर, भर्तृहरि गुफा और सिद्धवट से नागदा बायपास तक 11442 मीटर और शनि मंदिर से गोठडा बैराज तक 760 मीटर इस तरह कुल लगभग 29 हजार 215 मीटर की लम्बाई में घाटों के निर्माण के कार्य सम्पन्न होंगे।

## पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की डीपीआर दोबारा होगी रिवाइज

**भोपाल ( काप्र )।** पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की 20 वर्ष पहले तैयार की गई डीपीआर दोबारा से रिवाइज होगी। दरअसल भारत सरकार ने राज्य सरकार से इसे फिर से मांगा है। जिसके चलते जल संसाधन विभाग अब पूरे प्लान को रिवाइज कर रहा है। इसमें छह माह का समय लगेगा। परियोजना से विशेष प्रदेश के दस जिलों में साढ़े तीन लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी। रिवाइज डीपीआर में मध्य प्रदेश में 17 नये बांध शामिल किए जाएंगे। पुरानी डीपीआर में शामिल मोहनपुरा और कुंडलिया सहित ज्यादातर बांध बन चुके हैं। 2023 में विधानसभा में भाजपा सरकार बनते ही मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा के बीच एमओयू हुआ था। 72 करोड़ की इस परियोजना में मप्र, राजस्थान को पांच-पांच प्रतिशत राशि देनी होगी और 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी। परियोजना की रिपोर्ट फरवरी 2004 में तैयार की गई थी। आरसीपी का प्रस्ताव राजस्थान सरकार 2019 में लाई थी । पानी बंटवारे को लेकर दोनों राज्यों के बीच विवाद चला आ रहा था लेकिन राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद यह सुलझ गया और एमओयू साइन किया गया। बताया जा रहा है कि केन- बेतवा लिंक परियोजना शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगस्त में कर सकते हैं। परियोजना से प्रदेश में 17 बैराज (बड़े बांध) बनाए जाएंगे। इन बांधों के 1,477.62 मिलियन घन मीटर एमसीएम पानी को रोका जाएगा। जिससे प्रदेश में उज्जैन, धार, इंदौर, आगर मालवा, शाजापुर, शिवपुरी, श्योपुर, गुना, ग्वालियर और भिंड के जिलों को साढ़े तीन लाख हेक्टेयर से ज्यादा सिंचाई होगी। इसके साथ ही तीस लाख लोगों को पीने के लिए पानी मिलेगा।

### केंद्र सरकार ने दोबारा मांगा प्रस्ताव, छह माह का समय लगेगा

## मंत्री टेटवाल की मुश्किलें बढ़ी, जाति को लेकर भीम आर्मी ने खोला मोर्चा

**भोपाल ( काप्र )।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की जाति प्रमाण पत्र को लेकर मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। कलेक्ट्रेट में उनके जाति प्रमाण पत्र को लेकर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। गौतम टेटवाल मुर्दाबाद के नारे लगाए। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। इसमें कहा गया कि गौतम टेटवाल वर्ष 2008 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 164 सारंगपुर में भाजपा प्रत्याशी विधायक निर्वाचित हुए थे। वर्ष 2013 तक विधायक रहे हैं, उस समय उन्होंने अपनी जाति प्रमाण-पत्र अनुसूचित जाति मोची का लगाया था, जो वर्ष 2003 में हस्तलिखित बना था। टेटवाल के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों की जाति जिनगर है, जो ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) में आती है। फिर गौतम टेटवाल मोची कैसे हो सकते हैं? वर्ष 2016 में गौतम टेटवाल के बेटे पृथ्वीराज टेटवाल और उपेन्द्र सिंह नीरज छापरी में लड़ाई हुई। टेटवाल ने पुलिस थाना सारंगपुर में एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। वर्ष 2019 में जिला न्यायालय में आरोपी उपेन्द्र सिंह नीरज छापरी को जाति प्रमाण-पत्र फर्जी होने के कारण दोष मुक्त किया गया और टेटवाल को फटकार लगाई थी। सूचना के अधिकार 2005 के अनुसार यह पता चला था कि गौतम टेटवाल अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। कथित तौर पर उनका प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से बना है। राजगढ़ जिले की अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सारंगपुर विधानसभा सीट से 2023 में विधायक बनने पर वे मोहन सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री हैं। एक सरपंच ने हाल ही में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच के सामने याचिका लगाई है। अब तक उसे स्वीकार या अस्वीकार नहीं किया गया है। उसके बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

## चार माह से नहीं मिला स्थाईकर्मी एवं दैवेभो श्रमिकों को वेतन

भोपाल (काप्र)।

**चार माह से वेतन न मिलने के कारण प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मी परेशान हैं। वेतन के लिए कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अधिकारी बजट न होने का बहाना बताकर कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं कर रहे हैं।**

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने आयुक्त जनजातियां कार्य विभाग, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन विभाग, संचालक उद्यानिकी विभाग एवं प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंप कर तत्काल लंबित वेतन भुगतान करने की मांग की है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि पिछले दो वर्षों से लाडली बहन योजना संचालित होने के कारण अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों सभी विभागों में चार-चार माह के अंतराल में वेतन भुगतान किया जा रहा है। इस कारण छोटे संवर्ग के अनियमित कर्मचारियों को घर चलाने में काफी दिक्कत आ रही है। बच्चों की फीस जमा न होने के कारण अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों के बच्चों को स्कूल में दाखिला नहीं मिल पा रहा है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के अंदर समस्त विभागों में स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारी मंच मंत्रालय के सामने सत्याग्रह आंदोलन

**स्पेशल खबर** बड्र्स ऑफ भोपाल पुस्तक का विमोचन...

# आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण सामंजस्य जरूरी: शुक्ल

भोपाल (काप्र)।

**उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि विकास की गति तेज करने के साथ पर्यावरण के साथ सामंजस्य बहुत महत्वपूर्ण है। आगामी पीढ़ी को विभिन्न प्राकृतिक संसाधन जल, वायु, मृदा आदि अच्छी अवस्था में मिले यह वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है।**

विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सतत कार्य करना जलवायु परिवर्तन की समस्या के दौर में अहम है और अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में सतत कार्य कर रही है। श्री शुक्ल ने भोपाल में द नेचर वालंटियर संस्था द्वारा भोपाल में पाई जाने वाली बड्र्स की विभिन्न प्रजातियों की प्रामाणिक जानकारी पर आधारित पुस्तक बड्र्स ऑफ़ भोपाल का विमोचन किया। उल्लेखनीय है कि यह पुस्तक भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी स्वर्गीय पीएम लाड को समर्पित की गयी है। श्री लाड ने बर्ड कंज़र्वेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। श्री शुक्ल ने पुस्तक की एक प्रति स्वर्गीय लाड की पत्नी श्रीमती कमला लाड को भेंट की। पुस्तक में भोपाल में पाई जाने वाली स्थानीय बड्र्स और प्रवासी बड्र्स को मिलाकर बड्र्स की 312 प्रजातिओं को डॉक्यूमेंट किया गया है।



### विकास की राह में पर्यावरण संरक्षक पथ-प्रदर्शक का कार्य करते हैं

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना विकास के लिए प्राकृतिक संपदा को कई बार परिहार्य कारणों से क्षति पहुँचती है तो शासन ने प्रावधान किए हैं कि उसकी भरपाई की जाये। सरकार इस दिशा में संवेदनशील है। उप-मुख्यमंत्री ने टीएनवी सहित समस्त ऐसे नेचर वालंटियर और संस्थान जो पर्यावरण संरक्षण दिशा में कार्यरत हैं, उनकी सराहना करते हुए कहा कि विकास की राह में पर्यावरण संरक्षकों के द्वारा ढाल की तरह पथ-प्रदर्शक का कार्य किया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर नागरिक की सहभागिता आवश्यक हैं। जन-जागरूकता के लिए सतत प्रयास महत्वपूर्ण हैं। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव पर्यटन शिवशेखर शुक्ला, वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव, पद्मश्री पुरस्कृत एवं टीएनवी के प्रेसिडेंट भालू मोंढे एवं वरिष्ठ पत्रकार एवं टीएनवी के वाईस प्रेसिडेंट अभिलाष खांडेकर सहित टीएनवी के पदाधिकारी, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे प्रबुद्धजन और वालंटियर्स उपस्थित रहे।

### भोपाल में है इंटरनेशनल बड्र्स फेस्टिवल की क्षमता

प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शुक्ला ने भोपाल में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बड्र्स फेस्टिवल के आयोजन की क्षमताओं और संभावनाओं को रेखांकित किया और इस दिशा में जन-जागरूकता लाने के लिए स्वयंसेवी संगठनों से प्रयास करने का आह्वान किया। वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव ने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा तैयार वन्य-प्राणियों, जैव-विविधता पर आधारित पुस्तकों से प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध होती है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में अत्यंत उपयोगी है। वरिष्ठ पत्रकार श्री खांडेकर ने बड्र्स ऑफ भोपाल पुस्तक के निर्माण में योगदान देने वाले ओरिंथोलॉजिस्ट और प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शासन से सहयोग के विभिन्न विषयों का उल्लेख किया।